**NEWS CLIPPING: 21.10.2020**

## THE TRIBUNE

# TECHNO-DIGITAL FEST AT BOSE VARSITY

**Faridabad:** IJC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, organised a two-day techno-digital fest titled "digi-fiesta: The essence of virtual world". The fest, organised under the digital cell of the university, got an overwhelming response from more than 10 states across the country with 96 participating institutions and more than 1,500 entries. The fest concluded with a prize distribution ceremony. The prize distribution ceremony was presided over by Vice-Chancellor Prof Dinesh Kumar and director of DigiTech Services Pvt Ltd. VN Jatwani was present as a guest of honour. Registrar Dr Sunil Kumar Garg, all deans and chairpersons were also present on this occasion. Vice Chancellor, Prof Dinesh Kumar appreciated all efforts made by the digital cell of the university, including vibrant student coordinators and faculty coordinators and suggested that such events should be organised regularly to bring out and showcase the hidden talent of students. He also emphasised the importance of digital initiatives taken up by the government for the masses.

The Tribune Wed, 21 October 2020
https://epaper.tribunei

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)



**NEWS CLIPPING: 21.10.2020**

**PUNJAB KESARI**

# जेसी बोस विश्वविद्यालय में दो दिवसीय टेक्नो-डिजिटल फेस्ट

## देशभर से 96 प्रतिभागी संस्थानों के 1500 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

फरीदाबाद, 20 अक्तूबर (ब्यूरो): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा डिजी-फिएस्टा द एसेन्स ऑफ वर्चुअल वर्ल्ड शीर्षक से दो दिवसीय टेक्नो-डिजिटल फेस्ट का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के डिजिटल सेल के तहत आयोजित इस फेस्ट में देश भर के 10 से अधिक राज्यों से 96 प्रतिभागी संस्थानों की भागीदारी रही। विभिन्न प्रतियोगिताओं में 1500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ, जिसकी कुलपति प्रो. दिनेश कुमार मुख्य तौर पर उपस्थित रहे। डिजीटेक सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक वी. एन. जाटवानी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रहे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग के अलावा सभी डीन और विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में एजुकेशनल मल्टीमीडिया रिसर्च सेंटर, पुणे के निदेशक डॉ. समीर सहस्त्रबुद्धे मुख्य अतिथि थे। कुलपति, प्रो. दिनेश कुमार ने विश्वविद्यालय के डिजिटल सेल के प्रयासों की सराहना की तथा कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के लिए ऐसे आयोजन नियमित रूप से आयोजित किए जाए।



*कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार व अन्य।*

उन्होंने सरकारी स्तर पर प्रोत्साहित की जा रही डिजिटल पहलों के महत्व पर भी जोर दिया। कुलपति ने प्रतियोगिता का विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई दी। इससे पहले, डिजिटल सेल की निदेशक डॉ. नीलम दूहन ने फेस्ट की रिपोर्ट को संक्षेप में प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि फेस्ट में क्विज प्रतियोगिता में 272, ब्लॉग और आर्टिकल लेखन में 170, प्रेक्टिकल एल्गोरिथम गेम में 139, लोगो मेकिंग में 153, फोटो मेनुपुलेशन में 128, पोर्टफोलियो डिजाइनिंग में 144, पोस्टर मेकिंग में 145 और वेबपेज डिजाइनिंग प्रतियोगिता में 143 प्रतिभागी शामिल हुए।

उन्होंने बताया कि इस फेस्ट के दौरान विद्यार्थियों के लिए पोर्टफोलियो डिजाइनिंग पर एक ऑनलाइन वर्कशॉप वर्क-फोलियो का भी आयोजन किया और लगभग 300 विद्यार्थियों ने पोर्टफोलियो डिजाइनिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. रीवा शर्मा रही। टेक्नो-डिजिटल फेस्ट के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में ब्लॉग लेखन प्रतियोगिता में नवनीत ने पहला पुरस्कार जीता, दूसरा पुरस्कार कवांश को मिला और अंजलि को तीसरा पुरस्कार मिला। आर्टिकल लेखन प्रतियोगिता में कुणाल, सृष्टि और स्वप्ना ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।


पंजाब केसरी ई-पेपर

Wed,21 October 2020

Edition: faridabad kesari, Page no. 3

**NEWS CLIPPING: 21.10.2020**

**DAINIK BHASKAR**

# टेक्नो डिजिटल फेस्ट में देश के 96 संस्थानों के 1500 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

**फरीदाबाद|** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने "डिजी-फिएस्टाः द एसेंस ऑफ वर्चुअल वर्ल्ड" शीर्षक से दो दिवसीय टेक्नो डिजिटल फेस्ट का आयोजन किया। इसमें देशभर के 10 से अधिक राज्यों से 96 संस्थानों के 1500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान क्विज में 272, ब्लॉग और आर्टिकल लेखन में 170, प्रैक्टिकल एल्गोरिथम गेम में 139, लोगो मेकिंग में 153, फोटो मेनुपुलेशन में 128, पोर्टफोलियो डिजाइनिंग में 144, पोस्टर मेकिंग में 145 और वेबपेज डिजाइनिंग प्रतियोगिता में 143 प्रतिभागी शामिल हुए। ब्लॉग लेखन प्रतियोगिता में नवनीत ने पहला, कवांश को दूसरा व अंजलि को तीसरा पुरस्कार मिला।

**NEWS CLIPPING: 21.10.2020**

**DAINIK JAGRAN**

# टेक्नो डिजिटल फेस्ट में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**जासं, फरीदाबाद** : जेसी बोस (वाईएमसीए) विश्वविद्यालय ने डिजी-फिएस्टा द एसेंस आफ वर्चुअल वर्ल्ड शीर्षक से दो दिवसीय टेक्नो-डिजिटल फेस्ट का आयोजन किया। इसमें देश के विभिन्न राज्यों से 96 संस्थानों के 1500 छात्र एवं छात्राओं ने हिस्सा लिया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार मुख्य अतिथि और डिजीटेक सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक वीएन जटवानी विशिष्ट अतिथि रहे। कुलसचिव डा.सुनील कुमार गर्ग सहित सभी डीन और विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे।

कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने विश्वविद्यालय के डिजिटल सेल के प्रयासों की सराहना की। डा.नीलम दूहन ने फेस्ट की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम की समन्वयक डा.रीवा शर्मा रहीं। फेस्ट के तहत हुई विभिन्न स्पर्धाओं में ब्लाग लेखन में नवनीत ने पहला, कवांश ने दूसरा और अंजलि ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। आर्टिकल लेखन में कुणाल, सृष्टि और स्वप्ना ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। पिक्चर मैनिपुलेशन में रमन जैन ने पहला, जयन लोखब और यश बंसल ने दूसरा और तीसरा पुरस्कार जीता। प्रैक्टिकल एलगोरिदम गेम में पंकज ने पहला, अमीषा ने दूसरा और विपुल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वेब पेज डिजाइनिंग प्रतियोगिता में रोशनी, अभिलाष और मानव ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। लोगो डिजाइनिंग में मानसी सुथर, आकांक्षा और सात्विक अग्रवाल ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा पुरस्कार जीता। प्रश्नोत्तरी में रिद्धम भट्ट ने पहला, ऋचा ने दूसरा और शिवम भट्ट ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पोर्टफोलियो डिजाइनिंग में साहिल गोयल, विशाल वत्स और निकिता जैन क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

**NEWS CLIPPING: 21.10.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# टेक्नो-डिजिटल फेस्ट का आयोजन

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः** जेसी बोस यूनिवर्सिटी की तरफ से 'डिजी-फिएस्टाः द एसेंस ऑफ वर्चुअल वर्ल्ड' शीर्षक से दो दिवसीय टेक्नो-डिजिटल फेस्ट का आयोजन किया गया। यूनिवर्सिटी की डिजिटल सेल की तरफ से आयोजित इस फेस्ट में देश के 10 से अधिक राज्यों के 96 प्रतिभागी संस्थानों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं में 1500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ, जिसमें कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार मुख्य अतिथि रहे। वहीं, डिजीटेक सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक वीएन जाटवानी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रहे। कुलपति ने यूनिवर्सिटी के डिजिटल सेल के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि छात्रों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के लिए ऐसे आयोजन नियमित रूप से आयोजित किए जाएं। कुलपति ने प्रतियोगिता के विजेताओं व प्रतिभागियों को बधाई दी। डिजिटल सेल की निदेशक डॉ. नीलम दूहन ने बताया कि फेस्ट में हुई क्विज प्रतियोगिता के बारे में बताया।

**NEWS CLIPPING: 21.10.2020**

## THE PIONEER

### जेसी बोस में टेक्नो-डिजिटल फेस्ट का आयोजन

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा 'डिजी-फिएस्टा: द एसेन्स ऑफ वर्चुअल वर्ल्ड' शीर्षक से दो दिवसीय टेक्नो-डिजिटल फेस्ट का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के डिजिटल सेल के तहत आयोजित इस फेस्ट में देश भर के 10 से अधिक राज्यों से 96 प्रतिभागी संस्थानों की भागीदारी रही। विभिन्न प्रतियोगिताओं में 1500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ, जिसकी कुलपति प्रो. दिनेश कुमार मुख्य तौर पर उपस्थित रहे। डिजीटेक सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक वीएन जाटवानी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रहे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग के अलावा सभी डीन और विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में एजुकेशनल मल्टीमीडिया रिसर्च सेंटर, पुणे के निदेशक डॉ. समीर सहस्त्रबुद्धे मुख्य अतिथि थे। कुलपति, प्रो दिनेश कुमार ने विश्वविद्यालय के डिजिटल सेल के प्रयासों की सराहना की तथा कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के लिए ऐसे आयोजन नियमित रूप से आयोजित किये जाये। उन्होंने सरकारी स्तर पर प्रोत्साहित की जा रही डिजिटल पहलों के महत्व पर भी जोर दिया। कुलपति ने प्रतियोगिता का विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई दी।